देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर 04 सितम्बर 2019। विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण (Orientation) कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक स्नातक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एवं द्वितीय सत्र दोपहर 12:30 से स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यापर्ण कर, किया गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के संबंध में विस्तृत जानकारी एक फिल्म के माध्यम से दी गई। साथ ही हेलमेट के प्रयोग, रैगिंग रोकने से संबंधित एवं कुछ अन्य प्रेरणादायक लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. एल.के. त्रिपाठी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया एवं उन्हें विद्यार्थियों के कल्याण से संबंधित जानकारियां प्रदान की साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये जाने वाले युवा उत्सव एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। खेल निदेशालय के उपनिदेशक डॉ. सुनील दुधाले ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध खेल संबंधी सुविधाओं एवं स्पर्धाओं के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. प्रकाश गढ़वाल ने विश्वविद्यालय में चल रही एन.एस.एस. की गतिविधियों से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें सम्बोधित किया। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. रेणु जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ‘‘आप अपने जीवन में एक लक्ष्य का निर्धारण करें और उसके अनुसार कार्य करें।’’ उन्होने कहा कि ‘‘शिक्षा का उद्देश्य मात्र रोजगार प्राप्त करना नहीं है, अपितु शिक्षा चरित्र निर्माण के लिए अति आवश्यक है।’’

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र की मुख्य अतिथि, इन्दौर की एस.एस.पी. श्रीमती रूचि वर्धन मिश्रा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। उन्होने अपने जीवन की उपलब्धियों का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को सफलता हेतु प्रेरित किया साथ ही बताया कि आज के जीवन में अंग्रेजी भाषा का क्या महत्व है। उन्होने यातायात से संबंधित जोखिमों, साईबर अपराध एवं नशे के दुष्परिणामों के बारे में अत्यन्त उपयोगी जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इन दो सत्रों के कार्यक्रम में लगभग 3000 नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. अशोक शर्मा, यूटीडी प्रॉक्टर प्रो. बी.के. त्रिपाठी भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यामिनी करमरकर द्वारा किया गया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी